Svargiy Sri Madan Mohan Upadhyay Svatantrata Sangram Senani

# Government Post Graduate College
# Dwarahat (Almora)

Second Issue

(द्वितीय अंक)

# प्रतिभा

महाविद्यालय ई–पत्रिका

# Pratibha

College e–Magazine

(Quarterly Achievements and Challenges)



April–June 2026

Website : https://gpgcdwarahat.in | e-mail : gpgcdwarahat@yahoo.com

स्वर्गीय श्री मदन मोहन उपाध्याय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट




## स्वर्गीय श्री मदन मोहन उपाध्याय
## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी

स्वर्गीय श्री मदन मोहन उपाध्याय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट

द्वितीय अंक
अप्रैल - जून, 2026

# प्रतिभा

त्रैमासिक ई - पत्रिका

# Pratibha

Quarterly e-Magazine

प्रो नाज़िश खान
मुख्य सम्पादक

डॉ शरद भट्ट
सम्पादक

डॉ विजय लक्ष्मी शर्मा
सम्पादक

डॉ शर्मिष्ठा
सम्पादक

**डॉ. डी. सी. पंत**
**प्राचार्य/संरक्षक**

स्वर्गीय श्री मदन मोहन उपाध्याय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट

# GOVERNMENT POST GRADUATE COLLEGE DWARAHAT

## प्राचार्य की कलम से




स्वर्गीय श्री मदन मोहन उपाध्याय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट, अल्मोड़ा की त्रैमासिक ई-पत्रिका **"प्रतिभा"** का द्वितीय अंक (अप्रैल-जून 2026) जारी करते हुए हर्ष हो रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह ई-पत्रिका प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्र छात्राओं के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। ई-पत्रिका के इस द्वितीय अंक में अप्रैल से जून 2026 तक की शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियों को समाहित किया गया है।

कैलेंडर वर्ष 2026 के द्वितीय त्रिमास के दौरान महाविद्यालय की उपलब्धियों एवं चुनौतियों को प्रतिबिंबित करती यह पत्रिका निश्चित रूप से महत्वपूर्ण एवं महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास में सार्थक एवं उपयोगी सिद्ध होगी। महाविद्यालय परिवार तथा सम्पादक मण्डल को इस ई-पत्रिका के अंक के विमोचन पर बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं।

**डॉ. डी. सी. पंत**
**प्राचार्य / संरक्षक**

# Editorial

It gives us great pleasure to present the **second issue of *Pratibha***, our college's quarterly e-magazine. This issue comes at a special time as we warmly welcome a new batch of students into the Rajkiya Snatakottar Mahavidyalaya, Dwarahat family. We hope that *Pratibha* becomes more than just a magazine for them—it is a platform where they can express their ideas, showcase their talents, and share their creativity through articles, poems, paintings, photographs, achievements, and innovative ideas. Every student has a unique voice, and this magazine aims to provide an avenue for that voice to be heard and appreciated.

For our newly admitted students, this issue also offers a glimpse into the vibrant academic environment and the wide range of co-curricular, cultural, extension, and community engagement activities organized in the college. Through these pages, they can explore the opportunities available for their holistic development and feel inspired to actively participate in the life of the institution. We believe that learning extends far beyond the classroom, and every activity contributes to building confidence, leadership, teamwork, and social responsibility.

As we present this edition, we extend our sincere appreciation to all the contributors, faculty members, and students whose dedication and creativity have made this publication possible. We invite every member of our college community, especially our new students, to become an active part of *Pratibha* in the coming issues. Together, let us continue to nurture a culture of excellence, creativity, and collaboration, making *Pratibha* a true reflection of the aspirations and achievements of our college.

**Editorial Team:**



**Prof. Nazish**



**Dr. Sharad Bhatt**



**Dr. Vijay Laxmi Sharma**



**Ms. Sharmishtha**




बांए से दांए - डॉ शर्मिष्ठा, डॉ शरद भट्ट, डॉ डी सी पंत (प्राचार्य), डॉ नाज़िश खान, डॉ विजय लक्ष्मी शर्मा




बांए से दांए - डॉ रूमा साह, डॉ शरद भट्ट, डॉ डी सी पंत (प्राचार्य), डॉ नाज़िश खान, डॉ हेमलता धर्मशक्तू, डॉ विजय लक्ष्मी शर्मा


महाविद्यालय स्टाफ : प्राध्यापक वर्ग
Government Post Graduate College Dwarahat
Faculty Members : 2026-27
महाविद्यालय स्टाफ : कर्मचारी वर्ग
Government Post Graduate College Dwarahat
Office and Lab Staff Members : 2026-27

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट

## *विगत पांच वर्षों में विद्यार्थियों की संख्या*



# Contents

1. Principal's message

2. Editorial

3. Edu -Voyages **1-3**

i) Faculty Induction Program , BHU 1
ii) IISC Banglore tour 2

4. Beyond Academics **4-34**

i) NSS report 4
ii) NCC Report 7
iii) IPR workshop 9
iv) Cell's got talent play 17
v) International Yoga Day 18
vi) History Department activities 21
vii) Youth Red Cross Report 24
viii) Odh Diwas 27
ix) Dr. Bhimrao Ambedkar Jayanti 30
x) Rovers and Rangers Camp 32
xi) मर्जी तेरी 34

5. Curriculum in Frames **35-45**

## फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम (गुरुदक्षता)

डॉ. रिजवाना तबस्सुम, सहायक प्राध्यापक, वनस्पति विज्ञान विभाग, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, द्वाराहाट ने UGC–मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर, काशी हिंदू विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित को दिनांक 23 मार्च से 19 अप्रैल 2026 तक सफलतापूर्वक पूर्ण किया। इस आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्तराखंड के विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के नव-नियुक्त प्राध्यापकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के अंतर्गत उच्च शिक्षा एवं उसके पारिस्थितिकी तंत्र, पाठ्यक्रम निर्माण, आउटकम-आधारित शिक्षण एवं चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम, शिक्षण-अधिगम एवं मूल्यांकन, आईसीटी आधारित शिक्षण तकनीक, व्यक्तिगत एवं भावनात्मक विकास, परामर्श कौशल, शोध एवं अकादमिक नेतृत्व, अकादमिक सत्यनिष्ठा, संवैधानिक मूल्य एवं मानवाधिकार, पर्यावरण चेतना एवं सतत विकास लक्ष्य, तथा रणनीतिक योजना एवं प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण मॉड्यूल्स पर विस्तृत एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों की शैक्षणिक दक्षता, नवाचार क्षमता एवं पेशेवर कौशल को सुदृढ़ करना था, ताकि वे आधुनिक शिक्षण पद्धतियों को अपनाते हुए विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, प्रभावी एवं सार्थक शिक्षा प्रदान कर सकें तथा उन्हें राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा हेतु सक्षम बना सकें।










## Teacher Training Program in Science at IISc Campus Challakere

**Bipin Chandra Suyal (Assistant Professor-Botany)**

The third batch of Teacher Training Program in Science was organized by Department of Higher Education Deharadun, Uttarakhand, in collaboration with the Indian Institute of Science (IISC), Challakere Campus, Bangalore (Karnataka) from 24.04.2026 to 04. 05 2026. I participated in this program with the intention of enhancing subject knowledge, improving laboratory teaching skills, research and project management activities, gaining exposure to advanced experimental and research advanced instruments techniques in life science.

During **24 April 2026 to 09 May 2026** Mr. Bipin Chandra Assistant professor Botany experienced a highly intensive and hand on learning environment covering multiple domains including Botany, Microbiology, biochemistry and biotechnology. Participants for various colleges performed detailed experimental work such as studying pollen germination and post germination development, observing plasmolysis and deplasmolysis in plant cell, and gaining proficineny in microscocpy techniques for anatomical studies.

Biochemistry session focused on enzyme estiation specifically $\alpha$- amylase and protenase activity, followed by protein purification using dialysis and characterization through SDS-PAGE. In Biotechnology, participants were introduced to advanced molecular tehcnnique such as gnomics DNA insolation, plasmid extraction and PCR techniques, highlighting their importance in genetic research diagnostics and biotechnology applications. Exposure to sophisticated laboratory instruments-including spectrophotometers centrifugation laminar air flow ect.






**Talent Development Centre, IISc Challakere campus**

Overall, the teacher training Program at Indian Institute of Science Bangaluru Challakere TDC and SDC proved to be academically enriching and professionally beneficial. It significantly enhanced my theoretical understanding, experimental skills, and confidence in handling undergraduate and postgraduate students. The exposure to advanced research topics and

interaction with eminent faculty members was highly motivating. The knowledge and skills gained during this program will be effectively utilized in teaching, laboratory and experimental techniques, and academic development at my institution. I am extremely grateful to the secretary Higher education department Government of Uttarakhand and our principal Dr. D. C. Pant, Government P.G. College Dwarahat (Almora), for providing me this opportunity.





## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

### विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एक दिवसीय स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता शिविर

**— डॉ. सुमन गढ़िया**
**कार्यक्रम अधिकारी**
**राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)**
**राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, द्वाराहाट (अल्मोड़ा)**

विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, द्वाराहाट की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में एक दिवसीय स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, स्वच्छता के महत्व को समझाना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना था।



कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य **डॉ. डी. सी. पंत** द्वारा दीप प्रज्वलन एवं प्रेरणादायी उद्बोधन के साथ किया गया। उन्होंने स्वयंसेवियों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित व्यायाम करने तथा समाज में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में एनएसएस स्वयंसेवियों द्वारा महाविद्यालय परिसर में **स्वच्छता अभियान एवं पौधरोपण** कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वयंसेवियों ने परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया तथा विभिन्न स्थानों पर पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अभियान में रेड क्रॉस के सदस्यों एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की।



द्वितीय सत्र में आयोजित स्वास्थ्य जागरूकता व्याख्यान में **सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, द्वाराहाट** से पधारे विशेषज्ञ चिकित्सक **डॉ. राहीन अंसारी** ने छात्र-छात्राओं को संतुलित आहार, व्यक्तिगत स्वच्छता, संक्रामक एवं मौसमी रोगों की रोकथाम, मानसिक स्वास्थ्य तथा स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित स्वास्थ्य जांच, योग, व्यायाम तथा नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। व्याख्यान के उपरांत विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञ द्वारा सरल एवं उपयोगी उत्तर दिया गया।

कार्यक्रम का संचालन **राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुमन गढ़िया**द्वारा प्रभावी ढंग से किया गया। उन्होंने एनएसएस के उद्देश्यों एवं सामाजिक उत्तरदायित्व पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेवियों को समाज सेवा के प्रति सदैव सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, रेड क्रॉस इकाई के सदस्य तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। पूरे आयोजन के दौरान स्वयंसेवियों में अनुशासन, सेवा भावना एवं उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर स्वास्थ्य, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण संदेश विद्यार्थियों तक प्रभावी रूप से पहुँचे।

अंत में कार्यक्रम अधिकारी ने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों, स्वयंसेवियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया ।

## NCC REPORT

महाविद्यालय में 77 यू० पी० बी० एन० एन० सी० सी०, अल्मोड़ा से संचालित एन० सी० सी० में कैडेटों द्वारा अप्रैल 2026 से जून 2026 तक महाविद्यालय में निम्न लिखित गतिविधियां, एन० सी० सी० कैम्प, प्रशिक्षण कार्यक्रम, सांस्कृतिक क्रियाकलाप तथा विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का संचालन किया गया।

सत्र: 2025-26 में बटालियन तथा ग्रुप हेड क्वार्टर नैनीताल के साथ एन०सी०सी० "B" तथा "C" प्रमाण पत्र परीक्षा का आयोजन फरवरी 2026 में हुआ जिसमें महाविद्यालय के कैडेट्स का परिणाम शत प्रतिशत रहा। दिनांक 25 जून 2026 को साइबर सिक्योरिटी कोर्स (Ph-II) में महाविद्यालय के कैडेट्स ने प्रतिभाग किया। दिनांक 10 जून 2026 से 18 जून 2026 तक TSC/CATC कैम्प का आयोजन BKIT, DWARAHAT में कैडेट्स ने प्रतिभाग किया। दिनांक 05/06/2026 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कैडेट्स ने महाविद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। दिनांक 21 जून 2026 को विश्व योग दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में आयोजित योग में प्रतिभाग किया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 का विषय "स्वयं और समाज के लिए योग " के अवसर पर महाविद्यालय के 33 कैडेट के नाम रजिस्ट्रेशन कराकर प्रमाण पत्र प्राप्त किये। दिनांक 10 जून से 18 जून 2026 तक कैम्प में आयोजित युवा आपदा प्रबंधन में महाविद्यालय के कैडेट्स ने प्रतिभाग किया। भारत सरकार द्वारा आयोजित Cyber Security Basic Course में कैडेट ने रजिस्ट्रेशन कराकर कोर्स में प्रतिभाग किया। दिनांक 15/05/2026 से 24/05/2026 तक BKIT द्वाराहाट में आयोजित CATC/YAMC कैम्प में 20 कैडेटों ने प्रतिभाग किया। महाविद्यालय के एन०सी०सी० प्रभारी ले० (डॉ०) प्रण वीर प्रताप ने पूर्ण मनोयोग से सम्पूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया तथा कैडेट्स को देश भक्ति तथा देश प्रेम, अच्छे नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

ले० (डॉ०) प्रण वीर प्रताप

एन०सी०सी० प्रभारी






Courtesy Meeting with Col Jitendra Sharma Commanding officer
77 UK BN NCC Almora during CATC Camp at Dwarahat
13 June 2026



## बौद्विक संम्पदा अधिकार
## (Intellectual Property Rights)

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट में शैक्षिक सत्र–2025–26 में उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिशद(UCOST)देहरादून द्वारा प्रायोजित बौद्विक संम्पदा प्रकोष्ठ का गठन किया गया है इस प्रकोष्ठ के तहत विद्यार्थियो को बौद्विक संम्पदा अधिकार एंव उनके विभिन्न आयामों जैसे पेटेन्ट, जी0आई0टेक, लोगा, टेडमार्क, कापी राइट, औद्यागिक डिजाइन, पादप किस्म आदि के बारे में जानकारी प्रदान **की जाती** है**।** बौद्विक संम्पदा अधिकार किसी व्यक्ति को उनके मूल रचनात्मक कार्यो जैसे आविष्कार**,** डिजाइन, साहित्यक कार्य आदि के लिए दिये गये कानूनी अधिकार हैं।इन अधिकारो के माध्यम से निर्माता या रचनाकार को एक निश्चित अवधि के लिए अपनी बौद्विक रचनाओ पर विशेष अधिकार प्राप्त होता है ताकि वह उनका उपयोग कर सकें और लाभ कमा सके जिससे नवाचार और रचनात्मकता को बढावा मिले।

01 **पेटेंट** – नए और उपयोगी अविष्कारो को कानूनी सूरक्षा प्रदान करता है जिससे अविष्कारक को एक निश्चित अवधि के लिए अपने अविष्कार का उपयोग करने का विशेष अधिकार मिलता है।

02–**ट्रेडमार्क**– किसी कम्पनी **का** ब्राड नाम लोगो और उपभोक्ताओ को बचाता है ताकि ग्राहको को उत्पादों और सेवाओ को अलग पहचाने में मदद मिल सकें।

03–**कापी राइट**– साहित्यक, कलात्मक और संगीत कार्यो की सुरक्षा करता है।

04 **औद्योगिक डिजाइन**– किसी उत्पाद के संजावटी या दृश्य स्वरूप की सुरक्षा करता है जिससे औद्योगिक रूप से उसे दोहराया जा सके।

05–**पौधो की किस्में**– नयी पोधों की किस्में के प्रजनन कर्ताओ के अधिकारो की रक्षा करता है।

इस प्रकोष्ठ के अंतर्गत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट के वनस्पति विज्ञान के प्राध्यापक श्री विपिन चन्द्र सुयाल द्वारा 31.10.2025 को बौद्विक अधिकारो के इतिहास एंव इनकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। इसी क्रम में वनस्पति विज्ञान के प्राध्यापिका डॉ0 स्वाति जोशी ने अलग–अलग ब्राण्ड्रो को पहचाने और उपभोक्ता जागरूकता विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। इसी क्रम में राजनीतिक भास्त्र के प्राध्यापक डॉ0 शैलेन्द्र कुमार ने कापीराइट व पेटेंट कानून से जूडी जानकारी से **विद्यार्थियों** को अवगत कराया।दिनांक–31.11.2025 को उत्तराखण्ड को प्राप्त भौगोलिक संकेतों (GI tags)में सम्मलित ऐपण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों द्वारा गेरू एवं

षबिस्वार;(पीसे चावल का सफेद रंग) द्वारा विभिन्न ऐपण कला आकृतियां जैसे शुभ ज्यामितीय और धार्मिक आकृतियां आदि बनाई गयी।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 डी0सी0पन्त द्वारा बौद्विक सम्पदा के विभिन्न आयामों से जागरूक होने को आवश्यक बताया गया तथा अधिक से अधिक विद्यार्थियों को इस प्रकोष्ठ द्वारा चलाये जा रहे आयोजनों में प्रतिभाग हेतु प्रेरित किया । इस प्रकोष्ठ द्वारा समय–समय पर आनलाइन एव ऑफलाइन व्याख्यानों हेतु विषय विशेषज्ञों को आमत्रित किया जाता है जिससे विद्यार्थी एवं संकाय सदस्यों को इस विषय पर नवीन दृष्टिकोण और ज्ञान से परिचित कराया जा सके।

श्री विपिन चन्द्र सुयाल
समन्वयक बौद्विक संम्पदा प्रकोष्ठ
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट अल्मोडा।

**IPR Cell at Glance: 25 March- 2025**








**Lecture delivered by Shri .Rajendra Kumar Kohali (Civil Judge Dwarahat)**


राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट
बौद्धिक सम्पदा अधिकार विषय पर व्याख्यान देने वाले प्राध्यापकों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट (अल्मोड़ा)
09 अप्रैल 2026
बौद्धिक सम्पदा अधिकार विषय पर व्याख्यान देने वाले प्राध्यापकों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए
बौद्धिक सम्पदा अधिकार विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला

## द्वाराहाट कॉलेज में हुई बौद्धिक अधिकार संपदा पर एक दिवसीय कार्यशाला

द्वाराहाट - द्वाराहाट कॉलेज में बौद्धिक संपदा अधिकार पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कॉलेज के मुख्य सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विपिन त्रिपाठी कुमाऊँ इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक संतोष कुमार और विशिष्ट अतिथि द्वाराहाट सिविल न्यायालय के सिविल जज राजेंद्र कुमार कोहली द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए विभिन्न वैज्ञानिक खोजो , तर्कों और पेटेंट सहित नवीन तकनीकी जानकारी हासिल करने को कहा। उन्होंने कहा कि हमें न्यूटन , एडिशन जैसे महान वैज्ञानिकों की खोज के प्रयासों के बारे में गंभीरता के साथ अध्ययन करना चाहिए ।उन्होंने भारतवर्ष में प्रतिवर्ष पेटेंट की संख्या के हजारों की तादाद में बढ़ने के कारणों पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि द्वाराहाट न्यायालय के सिविल जज राजेंद्र कुमार ने कॉपीराइट बौद्धिक संपदा कानून और सृजनात्मक कार्य की मौलिकता के संदर्भ में अपने विचार व्यक्त किए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ डीसी पंत ने अपने स्वागत भाषण में कहा की आईपीआर सेल के तत्वावधान में कई कार्यशालाओं में बौद्धिक संपदा अधिकारों और पेटेंट आदि के बारे में छात्र-छात्राओं को सम्यक जानकारी प्रदान कर दी गई है ।उन्होंने अतिथियों को उनके ओजस्वी उदबोधन के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम संयोजक डॉ विपिन सुयाल ने कहा की वर्तमान काल में बौद्धिक संपदा अधिकारों की जानकारी होनी आवश्यक है क्योंकि आज बौद्धिक संपदा की चोरी की संभावना भी बढ़ती जा रही है ।उन्होंने विभिन्न वैज्ञानिक खोजो और नवीन तकनीकी के ज्ञान से छात्र-छात्राओं को अवगत होने को कहा। डॉ स्वाति जोशी ने अपना पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन करते हुए कहा की मार्केट में एक ही उत्पाद के नाम की वर्तनी बदलकर उसे अलग-अलग रूपों में बेचा जाता है। इसलिए लोगों को सही ब्रांड का उत्पाद खरीदने के लिए जागरुकता जरूरी है। डॉ भूपेंद्र कुमार ने अपने प्रस्तुतीकरण में कहा कि जब हम कॉपीराइट के तहत अपना मौलिक कार्य संरक्षित कर लेते हैं तब उसके गायब होने की संभावना शून्य हो जाती है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए आईपीआर सेल के सदस्य डॉ प्रकाश चंद्र ने संचालन करते हुए कहा कि वैज्ञानिकों और विभिन्न व्यक्तियों की जो निजी मौलिक खोज होती है उसे सुरक्षित करने के लिए इस प्रकार की कार्यशालाएं बहुत उपयोगी होती है । कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर नाजिश खान ने विद्यार्थियों को बताया कि उन्हें हर प्रकार के कानून के अद्यतन स्वरूप की जानकारी होनी चाहिए। इस दौरान डॉ उपासना शर्मा, डॉ प्रणवीर प्रताप , डॉ भावना पंत, डॉ हेमचंद्र दुबे, डॉ अंजुम अली , डॉ पूनम पंत डॉ निर्दोषिता बिष्ट, डॉ राजेश प्रसाद, डॉ शैलेंद्र कुमार ,डॉ शर्मिष्ठा ,डॉ रेनू ,डॉ प्रेमलता त्रिपाठी , डॉ देवजनी अधिकारी सहित सैकड़ों छात्र छात्राएं मौजूद थे।

**GPGPC DWARAHAT (Almora) IPR SEMINAR ON 14/10/2025**




Lecture delivered by **Dr. Rizwana Tabassum** on GI



Lecture delivered by **Dr. Upasana Sharma** on Patent




Participation of Student and Faculties of GPGC Dwarahat on IPR Seminar




IPR CELL ACTIVITIES ON 31/10/2025 AT GPGC DWARAHAT









LECTURE BY DR.SWATI JOHSI ON ‘BASICS OF IPR’




SOME HIGHLIGHTS OF THE ACTIVITIES OF THE IPR CELL AT GPGC DWARAHAT

## Zoology department report on "Cell's Got Talent" play

The Department of Zoology successfully organized an educational activity titled "Cells Got Talent" on 13 April 2026, a play based on the theme of Cell Biology. The program aimed to make the concepts of cell structure and functions more engaging, interactive, and easy to understand through role-play.

Students from both M.Sc. Zoology and B.Sc. actively participated in the event. Vidyashree played the role of Mitochondria, Neha Kandpal played Nucleus, Tanuja Aagri represented Ribosome, Vaishali Bhatt played RER, Vishakha played SER, Anjali Bisht played Golgi apparatus, Divya Mehra played Chloroplast, Bhagwati reperesented Lysosome,Sushma Arya played Vacuole, Aditya Rawat played Plasma membrane and Rohit adhikari played Cytoplasm and also anchored the play. Each participant explained the structure and function of the organelle they represented in a creative and engaging manner, helping the audience understand the importance of every component of the cell. The program was attended by B.Sc. students, who thoroughly enjoyed the performances and enhanced the students' understanding of cell biology in an enjoyable way.

The event was graced by the respected Principal sir and Prof. Nazish Khan Ma'am. They highly appreciated the efforts of the Department of Zoology faculty members, and students for organizing such an informative and creative program. They praised the participants for their confidence, teamwork, and excellent performances, and expressed that more activities of this kind should be organized in the future to make learning more interactive and effective.









## फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम (गुरुदक्षता)

## रिपोर्ट: 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

## दिनांक: 21 जून, 2026

## मुख्य विषय (थीम): "स्वस्थ आयु के लिए योग" (Yoga for Healthy Ageing)

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, द्वाराहाट में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक विशेष प्रातःकालीन योगाभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 06:30 बजे हुई।

इस आयोजन को सफल बनाने में कॉलेज के माननीय प्राचार्य डॉ डी. सी.पंत जी की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके कुशल मार्गदर्शन, प्रयासों और प्रेरणादायी नेतृत्व के कारण ही यह पूरा आयोजन इतने सुव्यवस्थित और बेहतरीन ढंग से संभव हो पाया। कार्यक्रम में प्राचार्य जी ने स्वयं सक्रिय रूप से भाग लिया और उनका अनुसरण करते हुए कॉलेज के सभी प्राध्यापकों ,कार्यालय स्टाफ तथा छात्र एवं छात्राओं ने भी इस योग सत्र में बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी दर्ज कराई। दैनिक कार्य की व्यस्तता के बीच मानसिक तनाव से मुक्ति पाने और शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सभी स्टाफ सदस्यों ने इसमें हिस्सा लिया।

सबसे पहले कार्यक्रम का प्रारंभ माँ सरस्वती को दीपप्रज्वलित करते हुए किया गया तथा प्राचार्य महोदय द्वारा योग के महत्व के बारे में बताया गया। आगे कार्यक्रम संचालन करते हुए डॉ देवजनी अधिकारी जी ने इस वर्ष की थीम "स्वस्थ आयु के लिए योग"( Yoga for healthy ageing)पर प्रकाश डालते हुए योग के संबंध में कुछ महत्वपूर्ण बातें बताई । और फिर योग प्रशिक्षक प्रियंका ने कार्यक्रम आगे बढ़ाते हुए योग से होने वाले लाभ और उसको अपनी जीवन शैली का हिस्सा बनाने के लाभ , कार्यस्थल पर ऊर्जावान बने रहने और बढ़ती उम्र में भी सक्रिय रहने के लिए योग कैसे एक अचूक साधन है , के बारे में बताया। तत्पश्चात योगाभ्यास आरंभ किया गया।

योगाभ्यास: योग प्रशिक्षक प्रियंका के मार्गदर्शन में सुबह 06:30 बजे सामूहिक प्रार्थना ॐ उच्चारण के साथ सत्र की शुरुआत हुई, जिसके बाद ग्रीवा संचालन, स्कंध संचालन जैसे शिथिलीकरण अभ्यास किए गए।

आसन और प्राणायाम: योग प्रशिक्षक के दिशानिर्देश में उपस्थित प्राचार्य, प्राध्यापकों ,स्टाफ और विद्यार्थियों ने ताड़ासन, वज्रासन, वृक्षासन जैसे महत्वपूर्ण आसनों का अभ्यास किया। इसके साथ ही मानसिक शांति,कार्यस्थल तथा रोजमर्रा के तनाव को दूर करने के लिए अनुलोम-विलोम और भ्रामरी प्राणायाम जैसे महत्वपूर्ण प्राणायामों का सामूहिक अभ्यास किया गया।

सुबह की ताज़ी हवा और शांत वातावरण के बीच आयोजित कॉलेज प्रांगण में इस सत्र में सभी विद्यार्थियों , प्राध्यापकगणों और कार्यालय कर्मचारियों ने सफलतापूर्वक योगाभ्यास कर एक नई ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम के अंत में सफल आयोजन के लिए प्रो. नाजिश खान द्वारा समस्त महाविद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया गया और सभी ने योग को अपनी दैनिक जीवन शैली का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम संयोजक | योग प्रशिक्षक

डॉ देवजनी अधिकारी प्रियंका







स्नातको
महाविद्याल
द्वाराहाट
अल्मोड़ा
21 जून
Shot on OnePlus
By Dr D C Pant


Shot on OnePlus
By Dr D C Pant


Shot on OnePlus
6/21/26
7:00 AM

## इतिहास विभाग, विभागीय परिषद् गतिविधियों का प्रतिवेदन

**(मार्च–अप्रैल, 2026)**

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, द्वाराहाट के इतिहास विभाग द्वारा विभागीय परिषद् कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं के बौद्धिक, शैक्षणिक एवं व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मार्च एवं अप्रैल 2026 में विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों में विषयगत ज्ञान, शोध-अभिरुचि, अभिव्यक्ति कौशल तथा प्रस्तुतीकरण क्षमता का विकास करना था।

**1. निबन्ध प्रतियोगिता (16 मार्च, 2026)**

दिनांक 16 मार्च 2026 को इतिहास विभाग द्वारा छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से एक दिवसीय निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी. सी. पन्त की अध्यक्षता में किया गया।

प्रतियोगिता के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर निम्नलिखित विषय निर्धारित किए गए—

- **स्नातक स्तर**: *"उत्तराखण्ड के लोकगीत, लोकनृत्य, लोकगाथाएँ एवं मेलों का सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व"*
- **स्नातकोत्तर स्तर:** *"उत्तराखण्ड के सामाजिक आन्दोलनों का भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन में योगदान"*

प्रतियोगिता के परिणाम निम्नानुसार रहे—

**स्नातक स्तर**

- प्रथम – तनुजा (बी.ए. षष्ठ सेमेस्टर)
- द्वितीय – उमा (बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर)
- तृतीय – मंजू (बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर)

**स्नातकोत्तर स्तर**

- प्रथम – रश्मि
- द्वितीय – दीपक
- तृतीय – रक्षिता

विजेता प्रतिभागियों को दिनांक 11 अप्रैल 2026 को प्राचार्य महोदय द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**2. पावरपॉइंट प्रस्तुतीकरण (PPT) (27 अप्रैल, 2026)**

दिनांक 27 अप्रैल 2026 को इतिहास विभाग द्वारा विभागीय परिषद् कार्यक्रम के अंतर्गत स्नातकोत्तर स्तर के छात्र-छात्राओं के लिए पावरपॉइंट प्रस्तुतीकरण (PPT) का आयोजन वनस्पति विज्ञान विभाग की प्रयोगशाला में किया गया।

इस कार्यक्रम में स्नातकोत्तर द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए इतिहास विषय के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ दीं। प्रस्तुतीकरण के प्रमुख विषयों में असहयोग आन्दोलन, सविनय अवज्ञा आन्दोलन, भारत छोड़ो आन्दोलन, स्वामी दयानन्द सरस्वती तथा राजा राममोहन राय के जीवन एवं योगदान से संबंधित विषय शामिल रहे।

इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों को सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (ICT) आधारित शिक्षण, शोधपरक अध्ययन, सार्वजनिक प्रस्तुतीकरण तथा प्रभावी संप्रेषण कौशल विकसित करने का अवसर प्राप्त हुआ।

इन दोनों शैक्षणिक गतिविधियों ने विद्यार्थियों में इतिहास विषय के प्रति रुचि, आलोचनात्मक चिंतन, लेखन कौशल, शोध-दृष्टि तथा प्रस्तुतीकरण क्षमता के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही, विभागीय परिषद् के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने एवं विषयगत ज्ञान को सुदृढ़ करने का प्रभावी मंच प्राप्त हुआ।










## यूथ रेडक्रॉस इकाई की गतिविधियों की रिपोर्ट

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, द्वाराहाट की यूथ रेडक्रॉस इकाई द्वारा सत्र 2025–26 में विद्यार्थियों में स्वास्थ्य जागरूकता, मानवीय मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सेवा-भावना के विकास के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के अंतर्गत विश्व स्वास्थ्य दिवस एवं विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए।

विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर दिनांक 07 अप्रैल 2026 को यूथ रेडक्रॉस इकाई एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी. सी. पन्त द्वारा किया गया। शिविर के प्रथम सत्र में महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए स्वच्छ एवं हरित परिसर के निर्माण का संदेश दिया।

बौद्धिक सत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, द्वाराहाट से पधारे डॉ. राहीन अंसारी ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य, स्वच्छता, संतुलित आहार तथा स्वस्थ जीवनशैली से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान करते हुए नियमित व्यायाम, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. प्रेमलता त्रिपाठी ने भी स्वास्थ्य के महत्व एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए।

इसी क्रम में विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर दिनांक 08 मई 2026 को यूथ रेडक्रॉस इकाई के तत्वावधान में "मानवता में एकजुट (United in Humanity)" विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी. सी. पन्त ने की। कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए सह-नोडल अधिकारी डॉ. प्रेमलता त्रिपाठी ने गोष्ठी के विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। तत्पश्चात नोडल अधिकारी कु. अंजली ने रेडक्रॉस की स्थापना, संगठन, सिद्धांतों एवं उद्देश्यों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

गोष्ठी में डॉ. उपासना शर्मा ने मानवता, सेवा, सहयोग एवं करुणा जैसे मानवीय मूल्यों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया तथा मदर टेरेसा एवं महात्मा गांधी के विचारों के माध्यम से विद्यार्थियों को समाजसेवा एवं मानव कल्याण के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में RC-I परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया।

इन कार्यक्रमों में डॉ. सुमन गढ़िया, डॉ. भगवती प्रसाद, डॉ. निर्दोषिता बिष्ट, डॉ. भूपेन्द्र कुमार, डॉ. उपासना शर्मा, कु. अंजली, कु. प्रियंका, श्रीमती चन्द्रा, श्री मनोज तथा श्री जीवन सहित महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की।

यूथ रेडक्रॉस इकाई द्वारा आयोजित इन कार्यक्रमों ने विद्यार्थियों में स्वास्थ्य जागरूकता, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, मानवता, सेवा-भाव एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा महाविद्यालय में सेवा और सामाजिक सरोकार की संस्कृति को प्रोत्साहित किया।


राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट
08 मई 2026
यूथ रेड क्रॉस इकाई
द्वारा आयोजित
विश्व रेड क्रॉस दिवस
08 मई 2026


आपका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करता है।


स्व० श्री मदनमोहन उपाध्याय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट (अल्मोड़ा)
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट (अल्मोड़ा)




स्व॰ श्री मदनमोहन उपाध्याय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट (अल्मोड़ा)
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट
यूथ रेडक्रास ईकाई
भारत रेडक्रॉस सोसायटी, उत्तराखण्ड


स्व॰ श्री मदनमोहन उपाध्याय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट (अल्मोड़ा)
आपका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करता है।

## द्वाराहाट कॉलेज में औड़ दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

उच्च शिक्षा निदेशालय उत्तराखण्ड के पत्रांक डिग्री प्लान/7876/2025-26 दिनांक 25 मार्च 2026 के अनुपालन में आज दिनांक 01 अप्रैल 2026 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा औड़ दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों का शुभारंभ करते हुए प्रभारी प्राचार्य डॉ महेंद्र सिंह ने कहा की पेड़ हमारे जीवन के आधार हैं , वनों को बचाकर जीवन को बचाने की मुहिम जारी रखनी चाहिए । उन्होंने कहा कि वन संपदा हम सब की संपदा है , इसकी रक्षा के लिए पूरे समाज को एकजुट होकर आगे आना चाहिए । कार्यक्रम संयोजक वनस्पति विज्ञान विभाग प्रभारी डॉ विपिन चंद्र सुयाल ने कहा की विद्यार्थियों ने पोस्टर और निबंध प्रतियोगिताओं के माध्यम से वनों को आग से बचाव और औड़ दिवस मनाए जाने की उद्देश्य पर प्रकाश डाला। छात्र आदित्य ने कहा आम जनता को वन विभाग के साथ मिलकर वनों के आग से बचाव में उनका सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण जनता जो वनों के सन्निकट रहते हैं, उन्हें ग्रीष्म काल में जंगल की आग के प्रति सतर्क रहना चाहिए। छात्रा प्रियंका ने कहा की पहाड़ का पूरा जनजीवन जंगलों पर आधारित है । हम सबको यह समझना चाहिए की वन ही हमारा जीवन है; जब वन बचेंगे तभी हमारा जीवन बचेगा । हमारे वन ही बादलों को आकर्षित कर वर्षा करने में सहायक सिद्ध होते हैं इसलिए सरकारी और गैर सरकारी तथा निजी , किसी भी संस्थान में कार्यरत हर व्यक्ति का दायित्व होता है कि वह अपना जीवन बचाने के लिए सजग रहे, इसीलिए उसे वनो की आग से निजात पाने के लिए हर संभव प्रयास करने चाहिए । डॉ भगवती प्रसाद बहुगुणा ने चौड़ी पत्ती वाले पेड़ों को लगाने के लिए कमर कसने को कहा। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को अपने स्तर से सचेत करना चाहिए ताकि कोई जलती हुई माचिस की तीली आदि वन क्षेत्र में ना फेंके। संचालन करते हुए डॉ सुमन गड़िया ने कहा आधुनिक तकनीक के विकास होने के साथ-साथ जीपीएस के माध्यम से वन की अग्नि को ट्रेस करने के लिए पर्याप्त उपकरण है । वन विभाग द्वारा समय-समय पर कैंप लगाकर आमजन को वन की अग्नि से बचाव की दिशा में सचेत किया जाता है। इस मौके पर हुई पोस्टर, निबंध प्रतियोगिताओं में डॉ शर्मिष्ठा, डॉ भूपेंद्र कुमार और डॉ बिपिन सुयाल ने निर्णायक की भूमिका निभाई। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर विद्याश्री रहे। द्वितीय स्थान प्रेरणा बोरा ने प्राप्त किया और तृतीय स्थान पर छात्रा खुशी रही । निबंध प्रतियोगिता में प्रियंका एम एस सी ने प्रथम , आदित्य ने द्वितीय और प्रियंका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रियंका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि विनीत द्वितीय स्थान पर रहे और आदित्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । इन सभी प्रतिभागी विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉ प्रणवीर प्रताप, डॉ भावना पंत, डॉ हेमचंद्र दुबे, डॉ आशा पारछै, डॉ अशोक कुमार, डॉ देवजनी अधिकारी, डॉ उपासना शर्मा, डॉ राजेश प्रसाद, डॉ प्रकाश चंद्र, डॉ पूनम पंत, डॉ अंजुम अली, डॉ निर्दोषिता, पुलकित प्रताप, राकेश बिनवाल, दिवाकर, अनिलकुमार, हरीश सिंह, चंद्रा चौहान, कुलदीप, मनोज नाथ, नर गिरी सहित कालेज के छात्र छात्राएं मौजूद थे। संचालन सुमन गढ़िया ने किया।


स्व० श्री मदनमोहन उपाध्याय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट (अल्मोड़ा)
GOVERNMENT POST GRADUATE COLLEGE
DWARAHAT (ALMORA)
औंड़ दिवस : 01 अप्रैल
वनों का संरक्षण एवं आग से बचाव : औंड़ दिवस
महाविद्यालय परिवार आपका हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करता है


राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट (अल्मोड़ा)
स्व० श्री मदनमोहन उपाध्याय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट (अल्मोड़ा)
औंड़ दिवस : 01 अप्रैल
वनों का संरक्षण एवं आग से बचाव : औंड़ दिवस




राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट
औड़ दिवस : 01 अप्रैल, 2026
:: निबन्ध प्रतियोगिता ::


स्वर्गीय श्री मदन मोहन उपाध्याय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट
औड़ दिवस : 01 अप्रैल, 2026
:: पोस्टर प्रतियोगिता ::
महाविद्यालय परिवार आपका हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करता है
01 अप्रैल 2026


राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट
औड़ दिवस : 01 अप्रैल 2026
Dairi, Uttarakhand, India
पोस्टर प्रतियोगिता विजेता विद्यार्थियों के साथ
Dairi, Uttarakhand, India


Government Post Graduate College Dwarahat
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट
औड़ दिवस : 01 अप्रैल, 2026
:: निबन्ध प्रतियोगिता ::

## डॉ० भीमराव अंबेडकर जयंति : कार्यशाला और व्याख्यान माला

दिनांक 11 अप्रैल 2026 को 'डॉ० भीमराव अंबेडकर के संविधान निर्माण और सामाजिक न्याय में योगदान' विषय पर रा०स्ना महा० द्वाराहाट में एक कार्यशाला और व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने अंबेडकर के विचारों को आज के परिप्रेक्ष्य में समझने का प्रयास किया ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर ए० के० शुक्ला, प्राचार्य रा० महा० मासी रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि डॉ० अंबेडकर ने समाज में व्याप्त भेदभाव को समाप्त करने के लिए सबसे सशक्त माध्यम शिक्षा (Education) को बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जब तक प्रत्येक व्यक्ति शिक्षित नहीं होगा तब तक समानता स्थापित नहीं हो सकती।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० डी० सी० पन्त ने साधत शिक्षकों छात्र-छात्राओं को बताया कि डॉ. अंबेडकर को स्मरण करना केवल औपचारिकता नहीं है बल्कि उनके बताए मार्ग पर चलना भी आवश्यक है, और बताया कि संविधान हमें अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी बोध कराता है, जिसका पालन करना हमारा दायित्व है।

डॉ०प्रकाश चंद्र , असि० प्रो० रसायन विज्ञान ने बताया कि डॉ० अंबेडकर ने महिलाओं को अधिकार दिलाने हेतु कई महत्वपूर्ण कानून बनाए, जिससे उनकी स्थिति में सुधार हुथा और उन्हें समाज में बराबरी का हक मिला।

कार्यक्रम संयोजक डॉ० राजेश प्रसाद, असि० प्रो० हिन्दी द्वारा अपने संबोधन में बताया कि आज हम जिस समानता और अधिकारों के साथ जीवन जी रहे हैं, उसकी नींव भारतीय संविधान में निहित है और संविधान के कारण ही समाज में न्याय और समानता का भाव विकसित हो पाएगा।

इस अवसर पर महाविद्यालय में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर वाले छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिह्नन व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।








स्व० श्री मदनमोहन उपाध्याय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट (अल्मोड़ा)




स्व० श्री मदनमोहन उपाध्याय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट (अल्मोड़ा)
GOVERNMENT POST GRADUATE COLLEGE




राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट
11 अप्रैल 2026
स्व० श्री मदनमोहन उपाध्याय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट (अल्मोड़ा)
विभागीय परिषदों द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए

## रोवर्स / रेंजर्स निपूर्ण / राज्य जाँच शिविर

दिनाँक 07-04-2026 से 11-04-2026 तक प्रादेशिक कैम्पिंग सैन्टर, भोपालपानी देहराइन में रोवर्स / रेंजर्स का निपुण / राज्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य रोवर्स / रेंजर्स के कौशल, अनु-शासन, नेतृत्व क्षमता एवं सेवा भावना का मूल्यांकन एवं विकास करना था।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हाराहाट के 04 रोवर्स , बौबी नेगी, रविन्द्र सिंह रावत, नितिन रावत, मुकेश पुरी ने अपने लीडर डॉ अशोक कुमार के निर्देशन में इस शिविर में सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया। शिविर के दौरान विभिन्न गतिविधियों जैसे- प्राथमिक चिकित्सा, गाँठ बाँधना, पायनियरिंग, हवन शिष्टाचार ट्रैकिंग एवं साम्पलिक सेवा कार्यों का अभ्यास एवं मूल्यांकन किया गया।

प्रतिभागी रोवर्स ने सभी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेते इये अपने कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया तथा  टीम भावना एवं अनुशासन का परिचय दिया। इस शितिर से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं सेवा भावना  का विकास हुआ।






द्वाराहाट कॉलेज में वॉलेंटियर्स को प्राचार्य ने प्रमाण पत्र दिए। • हिन्दुस्तान

### प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे वॉलेंटियर्स सम्मानित

द्वाराहाट। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की रोवर्स और रेंजर्स इकाई के चार वॉलेंटियर्स रोवर लीडर डॉ अशोक कुमार के नेतृत्व में प्रादेशिक कैंपिंग सेंटर देहरादून से प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे है। निपुण राज्य जांच शिविर के तहत यह प्रशिक्षण हुआ था। इसमें प्राथमिक चिकित्सा, सामाजिक सुरक्षा, आपदा प्रबन्धन के गुर सिखाए गए। वापस लौटने पर प्राचार्य डॉ. डीसी पंत ने वॉलेंटियर्स को प्रमाण पत्र प्रदान किए। यहां रेंजर प्रभारी डॉ. आशा पाछें, डॉ. नाज़िश खान, डॉ. पूनम पंत, डॉ. अंजुम अली, चंद्रा आदि रहीं।

हिन्दुस्तान (19 अप्रैल 2026)


राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट
महाविद्यालय रोवर्स के चार वॉलेंटियर्स देहरादून में पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे।
18 अप्रैल 2026

## मर्जी तेरी

रखता अगर सपनों को आगे,
नहीं फिरता फिर इस तरह तू भी भागे-भागे।
थोड़ा ललचाया, थोड़ा बहकाया,
ये मन के भटकाव और आसानी के भाव से,
समय ने मुझे शायद हर बार था आज़माया।
मर्ज़ी तेरी मान के चल लेता हर राह में।
कुछ पन्ने मेरे लिए भी खाली थे,
ये वक़्त से जाना हमने आज से।
फिर कलम उठाई और अल्फ़ाज़ बयां
ये बीते कल ने मुझे सिखाया कुछ नया।
थोड़ा ठहरा, थोड़ा घबराया,
फिर धीमी गति से कदम बढ़ाया।
हाँ, आज भी मानता सब मर्ज़ी तेरी...
कुछ ज़्यादा, कुछ कम,
कहाँ चले तेरे आगे अर्ज़ी मेरी

**विद्या श्री**

**M.Sc. Zoology II Sem**

# A Spectrum of College Activities










राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट (अल्मोड़ा)
One Day Workshop on Intellectual Property Rights
09 April
2026


राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट
बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर आज दिनांक 14 अप्रैल 2026 को महाविद्यालय में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके द्वारा संविधान निर्माण एवं सामाजिक न्याय के लिए किए गए योगदान को याद किया गया।


राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट
बौद्धिक सम्पदा अधिकार विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए
बौद्धिक सम्पदा अधिकार विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला
09 अप्रैल 2026


राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट
11 अप्रैल 2026
विभागीय परिषदों द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए



राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट की त्रैमासिक ई-पत्रिका **प्रतिभा** का प्रथम अंक जारी किया गया।

















विश्व रेड क्रॉस दिवस पर महाविद्यालय द्वाराहाट में आयोजित कार्यक्रम







आज निदेशक उच्च शिक्षा डॉ वी एन ख़ाली जी द्वारा महाविद्यालय का निरीक्षण किया गया...







परीक्षाओं का औचक निरीक्षण...




05 जून 2026 अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस


राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट
दिनांक 05 जून 2026
Shot on OnePlus
नवनिर्मित महिला छात्रावास का
हस्तांतरण प्रमाण पत्र अवर अभियंता श्री भुवन चन्द्र को
प्रदान करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ डी सी पंत एवं
निर्माण समिति के सदस्य







12th International Yoga Day...Yoga for Healthy Aging

*from the lens of media*

अमर उजाला (6 अप्रैल, 2026)

## भावना को मिली 10 हजार की स्कॉलरशिप

द्वाराहाट (अल्मोड़ा)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट की बीएससी छठे सेमेस्टर की छात्रा भावना नेगी को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 10 हजार की स्कॉलरशिप मिली है।

यह उन्हें शी फॉर स्टेम योजना के तहत ऑनलाइन प्रशिक्षण पूरा करने और विज्ञान शाला इंटरनेशनल की तरफ से चंपावत में हुई कार्यशाला में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए दी गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीसी पंत ने बताया कि भावना ने साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथ्स के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन किया।

## द्वाराहाट में भावना नेगी को मिली छात्रवृत्ति

द्वाराहाट। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट की बीएससी षष्ठम सेमेस्टर की छात्रा भावना नेगी को सी फॉर स्टेम योजना के तहत दस हजार रुपये की छात्रवृति मिली है। भावना ने उत्तराखंड की शीर्ष 50 छात्राओं में 16वां स्थान प्राप्त किया है। इस पर प्राचार्य डॉ. डीसी पंत, नोडल अधिकारी डॉ. देवजनी अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी डॉ. भूपेंद्र कुमार, डॉ. रिजवाना तबस्सुम आदि ने बधाई दी है।

हिन्दुस्तान (6 अप्रैल, 2026)

## द्वाराहाट महाविद्यालय में ई पत्रिका का प्रथम अंक जारी

द्वाराहाट (अल्मोड़ा)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट की ओर से ई-पत्रिका प्रतिभा का प्रथम अंक जारी किया गया। इस त्रैमासिक पत्रिका का विमोचन प्राचार्य डॉ. डीसी पंत ने किया गया।

उन्होंने बताया कि इस ई-पत्रिका में जनवरी से मार्च 2026 के दौरान महाविद्यालय में आयोजित विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों को समाहित किया गया है। यह पत्रिका महाविद्यालय की रचनात्मक और शैक्षणिक गतिविधियों का प्रतिबिंब है जो विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी।

उन्होंने बताया कि ई-पत्रिका में छात्र-छात्राओं की स्वरचित रचनाओं को स्थान दिया गया है जिससे उनकी लेखन क्षमता और बौद्धिक विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। वहां ई-पत्रिका के संपादक मंडल सदस्य डॉ. नाजिश खान, डॉ. शर्मिष्ठा, डॉ. भगवती प्रसाद बहुगुणा, डॉ. विपिन चंद्र सुयाल आदि थे। संवाद



द्वाराहाट कॉलेज में वॉलेंटियर्स को प्राचार्य ने प्रमाण पत्र दिए। • हिन्दुस्तान

## प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे वॉलेंटियर्स सम्मानित

द्वाराहाट। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की रोवर्स और रेंजर्स इकाई के चार वॉलेंटियर्स रोवर लीडर डॉ अशोक कुमार के नेतृत्व में प्रादेशिक कैंपिंग सेंटर देहरादून से प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे हैं। निपुण राज्य जांच शिविर के तहत यह प्रशिक्षण हुआ था। इसमें प्राथमिक चिकित्सा, सामाजिक सुरक्षा, आपदा प्रबन्धन के गुर सिखाए गए। वापस लौटने पर प्राचार्य डॉ. डीसी पंत ने वॉलेंटियर्स को प्रमाण पत्र प्रदान किए। यहां रेंजर प्रभारी डॉ. आशा पार्छे, डॉ. नाजिश खान, डॉ. पूनम पंत, डॉ. अंजुम अली, चंद्रा आदि रहीं।

हिन्दुस्तान (19 अप्रैल 2026)

अमर उजाला (19 अप्रैल 2026)

न्यूज डायरी

## रोवर्स और रेंजर्स इकाई के वालंटियर्स प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे



वालंटियर्स को प्राचार्य डॉ. डीसी पंत ने प्रमाण पत्र प्रदान किए। संवाद

द्वाराहाट (अल्मोड़ा)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रोवर्स और रेंजर्स इकाई के चार वालंटियर्स प्रादेशिक कैंपिंग सेंटर भोपाल पानी देहरादून से निपुण राज्य जांच शिविर के तहत हुए पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे। रोवर लीडर डॉ. अशोक कुमार के नेतृत्व में महाविद्यालय लौटने पर वालंटियर्स को प्राचार्य डॉ. डीसी पंत ने प्रमाण पत्र प्रदान किए। उन्होंने बताया कि रोवर्स और रेंजर्स इकाई के इन चार वालंटियर्स ने देहरादून में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया। शिविर में इन्हें प्राथमिक चिकित्सा, सामाजिक सुरक्षा, आपदा प्रबंधन के बारीकियां बताते हुए प्रशिक्षित किया गया। वहां रेंजर प्रभारी डॉ. आशा पार्छे, डॉ. नाजिश खान, डॉ. पूनम पंत, डॉ अंजुम अली, चंद्रा आदि थे। संवाद

अमर उजाला (23 अप्रल 2026)

## एसएसजे विवि की टीम ने किया द्वाराहाट महाविद्यालय का निरीक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी

द्वाराहाट (अल्मोड़ा)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट में बुधवार को एसएसजे विश्वविद्यालय की पैनल टीम ने निरीक्षण किया।

निरीक्षण एमएससी (भौतिकी, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जंतुविज्ञान, गणित) तथा बीकॉम पाठ्यक्रमों की संबद्धता विस्तारण के लिए किया गया।

पैनल टीम ने महाविद्यालय के विभिन्न विभागों, प्रयोगशालाओं और शैक्षणिक व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया तथा प्राचार्य डॉ. डी.सी. पंत से विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

प्राचार्य ने टीम को बताया कि एमएससी के भौतिकी, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान और जंतुविज्ञान विभागों में विद्यार्थियों के लिए डिजिटल क्लासरूम शिक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नए इंटरेक्टिव स्मार्ट बोर्ड लगाए गए हैं। इनके माध्यम से प्राध्यापकों के साथ-साथ विद्यार्थी भी प्रेजेंटेशन प्रस्तुत कर रहे हैं, जिससे शिक्षण व्यवस्था अधिक आधुनिक और प्रभावी बनी है।

निरीक्षण टीम में एसएसजे विवि से टीम संयोजक प्रो. एस.के. जोशी, वाणिज्य विषय विशेषज्ञ प्रो. के.सी. जोशी, कुमाऊं विश्वविद्यालय से विज्ञान विषय विशेषज्ञ प्रो. मनोज कुमार आर्य, निदेशक उच्च शिक्षा हल्द्वानी के प्रतिनिधि प्रो. पुष्पेश पाण्डेय तथा लोक निर्माण विभाग से सहायक अभियंता दिनेश गिरिराज शामिल रहे।

दैनिक जागरण (23 अप्रैल 2026)

## विवि की टीम ने किया डिजिटल कक्षों का निरीक्षण

संवाद सहयोगी, जागरण, द्वाराहाट : सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय (एसएसजे) की पैनल टीम ने महाविद्यालय के एमएससी एवं बीकाम पाठ्यक्रम की संबद्धता विस्तारण के लिए निरीक्षण किया। विभिन्न प्रयोगशालाओं का स्थलीय भ्रमण कर जानकारी प्राप्त की। प्राचार्य डा. डीसी पंत ने टीम को एमएससी में भौतिकी, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान तथा जंतुविज्ञान में विद्यार्थियों के लिए डिजिटल क्लासरूम तथा नए इंटरेक्टिव स्मार्ट बोर्ड लगाए जाने से अवगत कराया। जिनके माध्यम से प्राध्यापकों के साथ ही छात्र भी प्रेजेंटेशन दे रहे हैं। पैनल टीम में एसएसजे परिसर से संयोजक प्रो. एसके जोशी, वाणिज्य विषय विशेषज्ञ प्रो. केसी जोशी, कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल से विज्ञान विशेषज्ञ प्रो. मनोज कुमार आर्य, निदेशक उच्च शिक्षा हल्द्वानी के प्रतिनिधि प्रो. पुष्पेश पांडेय तथा लोक निर्माण विभाग से सहायक अभियंता दिनेश गिरिराज शामिल रहे।

**28 अप्रैल 2026 (हिन्दुस्तान)**



द्वाराहाट कॉलेज में सोमवार को उद्यमिता अभिविन्यास कार्यक्रम हुआ। • हिन्दुस्तान

## देवभूमि उद्यमिता योजना कार्यक्रम

**अल्मोड़ा।** जिला अस्पताल में साप्ताहिक अवकाश के बाद सोमवार को मरीजों की भीड़ उमड़ी। पर्ची काउंटर से लेकर डॉक्टरों के कक्ष के बाहर भी दिन भर मरीज लाइन में खड़े नजर आए। अस्पताल के मुताबिक, ओपीडी छह सौ पार पहुंच गई। सर्वाधिक मरीज सर्दी जुकाम के पहुंचे। नेत्र रोग, हड्डी रोग समेत अन्य बिमारियों के मरीज भी काफी संख्या में इलाज को पहुंचे, लेकिन भीड़ अधिक होने से घंटों इंतजार करना पड़ा।

**बीटीकेआईटी में कार्यशाला का शुभारंभ**

**द्वाराहाट।** बिपिन त्रिपाठी कुमाऊं प्रौद्योगिकी संस्थान (बीटीकेआईटी) के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में 'कैड, कैम व सीएनसी टेक्नोलॉजी' विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। संयोजक प्रो. सत्येंद्र सिंह ने बताया कि इसमें छात्र ऑटोकैड व सॉलिडवर्क्स जैसे सॉफ्टवेयर के माध्यम से डिजाइन तैयार कर सीएनसी मशीन पर निर्माण भी करेंगे। प्रो. लता बिष्ट, डॉ. अंशुमान मिश्रा,डॉ. श्वेता रावत, डॉ. विजया भंडारी,डॉ. राजेंद्र भारती, डॉ. रवि कुमार, डॉ. रचना आर्या रहे।

**उद्यमिता अभिविन्यास कार्यक्रम हुआ**

**द्वाराहाट।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत अभिविन्यास कार्यक्रम हुआ। प्राचार्य डॉ. डीसी पंत ने बताया कि योजना के तहत छात्रों को अपना उद्यम स्थापित करने के लिए प्रेरित किया जाता है।नोडल अधिकारी डॉ. प्रकाश चंद्र, सहायक नोडल अधिकारी डॉ. अशोक कुमार, डॉ. देवजनी अधिकारी, डॉ. सुमन गढ़िया, डॉ. अंचलेश कुमार, डॉ. पूनम पंत, डॉ. आशा पार्छे, डॉ. हेम चन्द्र दुबे, डॉ. स्वाति जोशी, डॉ. अंजुम अली, चंद्रा, अनिल कुमार रहे।

**दैनिक जागरण (6 मई 2026)**

## राजकीय महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**संवाद सहयोगी, जागरण,द्वाराहाट:** राजकीय महाविद्यालय में नए सत्र के लिए स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्राचार्य डा. डीसी पंत ने बताया कि समर्थ पोर्टल पर 31 मई तक ही प्रवेश के लिए पंजीकरण किया जा सकेगा। इस प्रक्रिया के बाद ही विद्यार्थियों को स्नातक में प्रवेश के लिए मूल दस्तावेजों के साथ बुलाया जाएगा। उन्होंने किसी प्रकार की परेशानी के लिए समर्थ पोर्टल के नोडल तथा सहायक नोडल अधिकारी से संपर्क करने का आह्वान किया है।

**अमर उजाला (28 अप्रैल 2026)**

## पीजी कॉलेज में देवभूमि उद्यमिता योजना कार्यक्रम

**द्वाराहाट (अल्मोड़ा)।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट में सोमवार को देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत एक दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर प्राचार्य डॉ. डीसी पंत ने कहा कि देवभूमि उद्यमिता योजना अंतर्गत विद्यार्थियों को उद्यमिता एवं स्वरोजगार के साथ साथ अपना उद्यम स्थापित करने के लिए प्रेरित किया जाता है ताकि पर्वतीय क्षेत्रों में स्थित संसाधनों का उपयोग कर विकास किया जा सके।

पलायन को रोकने में भी मदद मिलेगी। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ प्रकाश चंद्र, सहायक नोडल अधिकारी डॉ अशोक कुमार, डॉ देवजनी अधिकारी, डॉ सुमन गढ़िया, डॉ अंचलेश कुमार, डॉ पूनम पंत, डॉ आशा पार्छे सहित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्र छात्राएं मौजूद रहीं। संवाद

देवभूमि उद्यमिता योजना ... अभिविन्यास कार्यक्रम

दैनिक जागरण (09 मई 2026)

## आपातकाल में रेडक्रास की भूमिका अहम

**संवाद सहयोगी, जागरण, द्वाराहाट :** विश्व रेड क्रास दिवस पर राजकीय महाविद्यालय में गोष्ठी हुई। वक्ताओं ने रेड क्रास संगठन के स्थापना का उद्देश्य बताते हुए कहा कि आपदाकाल में बचाव व राहत कार्यों में इसकी भूमिका अहम होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से लोगों की मदद के लिए तत्पर रहने का आह्वान किया। यूथ रेड क्रास इकाई के तत्वावधान में गोष्ठी का शुभारंभ प्राचार्य डा. डीसी पंत ने किया। कहा कि आपातकाल में तत्काल मदद के लिए संगठन ने अपनी विशेष पहचान बनाई है। उन्होंने विद्यार्थियों से रेडक्रास के सिद्धांतों को जीवन में उतार समाज सेवा के लिए तत्पर रहने का आह्वान करते हुए स्वयंसेवियों को प्रमाणपत्र बांटे। नोडल अधिकारी अंजली, डा. उपासना शर्मा, डा. प्रेमलता त्रिपाठी, डा. सुमन गाडिया, डा. निर्दोषिता बिष्ट, डा. भगवती प्रसाद बहुगुणा तथा डा. अंजुम अली ने भी विचार रखे।

## पीजी कॉलेज द्वाराहाट में परीक्षा का औचक निरीक्षण

द्वाराहाट (अल्मोड़ा)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं की चल रही परीक्षाओं का सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा के पर्यवेक्षक प्रो. एसके जोशी ने औचक निरीक्षण किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीसी पंत ने बताया कि प्रो. जोशी ने सुबह की पाली में विभिन्न परीक्षा कक्षों का निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने शांतिपूर्ण एवं अनुशासित ढंग से संचालित हो रही परीक्षाओं पर संतोष व्यक्त किया। प्राचार्य ने बताया कि परीक्षा की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए महाविद्यालय की आंतरिक उड़नदस्ता टीम द्वारा परीक्षार्थियों की तलाशी लेने के बाद ही उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया जा रहा है। इस दौरान महाविद्यालय परीक्षा समिति के सदस्य डॉ. राजेश प्रसाद, डॉ. बिपिन चंद्र सुयाल, डॉ. रिजवाना तबस्सुम और डॉ. रेनू भी मौजूद रहीं। संवाद



## द्वाराहाट में भाजपाइयों ने किया पौधरोपण

द्वाराहाट। भाजपाइयों ने मां सिद्धदात्री मंदिर में पौधारोपण किया।पूर्व विधायक महेश नेगी, जिला महामंत्री भूपेंद्र कांडपाल रहे। पीजी कॉलेज में हुए कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. डीसी पंत, एनएसएस प्रभारी डॉ. सुमन गौढ़या, डॉ. विपिन चंद्र सुयाल, डॉ. प्रणवीर, व चंथरिया में ब्लॉक प्रमुख डॉ. आरती किरौला, रेंजर गोपाल दत्त जोशी, उपराजिक मनमोहन तिवारी, गिरीश चंद, उप ज्येष्ठ प्रमुख सुनील कांडपाल रहे।